## पाठ 3 – मैं हूँ साइकिल

### पाठ - बोध

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

**प्रश्न क) साइकिल ने खुद को बढ़िया सवारी क्यों कहा ?**

उत्तर क) साइकिल ने खुद को बढ़िया सवारी इसलिए कहा क्योंकि वह सस्ती और हलकी है |

**प्रश्न ख) कैसा परिवार साइकिल की सवारी कर सकता है ?**

उत्तर ख) एक छोटा परिवार बड़े आराम से साइकिल की सवारी कर सकता है |

**प्रश्न ग) साइकिल बनाने वाले कुछ कारखानों के नाम बताइए |**

उत्तर ग) साइकिल बनाने वाले कुछ कारखानों के नाम हैं - एटलस , हीरो, ए-वन, बजाज, आर.एम.आई आदि |

**प्रश्न घ) साइकिल का रूप पहले कैसा था ?**

उत्तर घ) साइकिल में पहले दो पहियों को लकड़ी के डंडों से जोड़ा गया था जिसे पैरों से ज़मीन को धकेलकर चलाया जाता था और उसे सँभालने के लिए एक हत्था लगाया गया था |

**प्रश्न ड़) आज साइकिल का जो रूप हम देखते हैं उसे बनाने का श्रेय किसे जाता है ?**

उत्तर ड़) आज साइकिल का जो रूप हम देखते हैं उसे बनाने का श्रेय जी. एफ. स्टिलमेन और जेम्स स्टारले को जाता है |

**प्रश्न च) साइकिल का जन्म कब हुआ ?**

**उत्तर च) साइकिल का जन्म उसी समय हुआ था जब भाप से बनने वाली मोटर गाड़ियों की खोज हो रही थी |**

**2. वाक्य पूरे कीजिए |**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **कारखाने** | **ब्रेक** | **कसरत** | **कैरियर** | **प्रदूषण** |

क) साइकिल चलाने से अच्छी कसरत हो जाती है |

ख) साइकिल से किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता |

ग) सामान रखने के लिए साइकिल में कैरियर लगाया जाता है |

घ) साइकिल को कारखाने में बनाया जाता है |

ड़) ब्रेक लगाकर साइकिल को रोका जा सकता है |

**<u>क्रियाकलाप</u>**

**वायु प्रदूषण फैलाने वाले 4 वस्तुओं के चित्र कॉपी में बनाइए अथवा चिपकाइए |**

**<u>गृह-कार्य</u>**

कौशल विकास

3. नीचे दी गई चीज़ों में से कौन-सी चीज़ साइकिल में नहीं होती? उस पर ✗ का चिह्न लगाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| गियर | ब्रेक | इंजन | हैंडल |
| लकड़ी के पहिए | घंटी | लाइट | कैरियर |

4. काम करने के लिए ताकत चाहिए। ताकत अलग-अलग तरीके से मिलती है। रेखा खींचकर बताइए, नीचे दी गई चीज़ों को ताकत कहाँ से मिलेगी?



5. बताइए, इनमें से कौन-कौन साइकिल का प्रयोग कर सकता है? ✓ का चिह्न लगाइए।



**<u>प्रश्न 3 , 4 और 5 पुस्तक में करें ।</u>**